कलेक्टर की सख्ती, 55 दुकानें खाली, अब होगी इनकी नीलामी

नवभारत की खबर पर लगी मुहर, हुई बड़ी कार्यवाही

सरकारी दुकानों का अवैध कब्जा हटा

(आमिर खान)

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शहरी क्षेत्र में नगर पालिका की सरकारी 55 दुकानों पर अवैध कब्जे पर कलेक्टर की सख्ती के बाद उनको खाली कराया गया है। अब इन 55 दुकानों की नीलामी कराई जाएगी और हर एक व्यक्ति इस नीलामी में भाग ले सकेगा। हाल में इन दुकानों पर रसूखदार लोगों ने कब्जा कर रखा था। इस पूरी खबर को 6 जुलाई को नवभारत ने प्रकाशित किया था। इसके बाद 20 जुलाई को कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने 30 जुलाई के पहले कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए थे।

दरअसल यह पूरा मामला टीकमगढ़ नगरीय क्षेत्र से जुड़ा है। नगर पालिका क्षेत्र के सरदार सिंह कॉम्पलेक्स, महावीर टॉकीज कर्माबाई मार्केट, कटरा बाजार, ताल दरवाजा, पुराना बस स्टेण्ड एवं नया बस स्टेण्ड पर 55 दुकानें नगर पालिका की रिक्त पड़ी थी, लेकिन इन पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा कर बिना किसी कागजात के व्यापार शुरू कर दिया था। इसकी खबर नवभारत ने अपने 6 जुलाई को खबर प्रकाशित की थी। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया और फिर उन्होंने 20 जुलाई को एक टीम गठित कर जांच प्रतिवेदन देने की बात कही, लेकिन इस कार्यवाही में हीलाहवाली को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने सोमवार को हुई टीएल बैठक में सारी 55 दुकानें खाली कराकर उन्हें सील करने के सख्त निर्देश नगर पालिका की प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा एवं सीएमओ ओमपाल भदौरिया को दिए। फिर क्या था सोमवार को मिले निर्देश के बाद मंगलवार को पूरा अमला पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरा और उन्होंने नगर पालिका की 55 दुकानों पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाकर सारी दुकानों को सील कर डाला।

इस कार्यवाही के दौरान एसडीएम संस्कृति लिटौरिया, तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह गुर्जर एवं एसडीओपी राहुल कटरे की अहम भूमिका थी। कार्यवाही में किसी तरह का कोई विवाद उत्पन्न न हो इसके लिए भारी पुलिस बल भी तैनात था। हालांकि कई दुकानदारों को पहले ही इसकी खबर थी, तो उन्होंने स्वयं अपनी-अपनी दुकानें खाली कर डाली।

सीएमओ ने अपनी कार में किया भोजन

कार्यवाही के दौरान एक तस्वीर और देखने को मिली। नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल भदौरिया अपने एनोवा वाहन के अंदर ही अहार करते दिखाई दिए। सुबह से घर से निकलने के कारण उन्हें अहार करने का मौका नहीं मिला, तो उन्होंने अपनी टिफिन को खोला और कार के अंदर ही अहार ग्रहण किया। हालांकि कार्यवाही भी इतनी बड़ी थी कि उसे छोड़ वह नहीं जा सकते थे, क्योंकि उनके ऊपर पूरी जिम्मेदारी थी।

समाचार पत्र से उजागर हुआ मामला : कलेक्टर

दैनिक नवभारत समाचार पत्र के माध्यम से यह बात सामने आई कि नगर पालिका की रिक्त दुकानों पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किया गया है . जिनकी नीलामी नहीं हुई . इस बात पर मैंने टीएल में निर्देश दिए थे और कहा था कि अगर अवैध रूप से कोई दुकानों में बैठ रहा है, तो यह चिंताजनक है। इसमें नगर पालिका को आर्थिक हानी भी होती है . इसके साथ ही यह नगर पालिका एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन भी है . इस पर नगर पालिका परिषद की भी सहमति थी . इसलिए आज इस पर कार्यवाही की गई है . इसके साथ अब कब्जेधारियों की जानकारी कर उनसे बसूली भी होगी .

विवेक श्रोतिय, कलेक्टर, टीकमगढ़

बायो-वेस्ट कचरा बना परेशानी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष के पास खुले में पड़े बायो-वेस्ट कचरे से आसपास के रहवासी परेशान हैं। कचरे के ठीक बगल में निजी इंग्लिश मीडियम स्कूल और फ्रेंड्स कॉलोनी है।

लोगों का कहना है कि कचरे से लगातार दुर्गंध आती है और खुले में मेडिकल वेस्ट पड़े रहने से संक्रमण का खतरा बना हुआ है। मंगलवार को रहवासियों ने कचरे का वीडियो सार्वजनिक कर अस्पताल प्रबंधन से इसे हटाने की मांग की। स्थानीय निवासी सुनील लंबेयार ने बताया कि अस्पताल के वार्डों से निकलने वाला बायो-वेस्ट पोस्टमार्टम कक्ष के पास डंप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके पास ही निजी स्कूल और फ्रेंड्स कॉलोनी के मकान हैं। रहवासियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकने या सामान्य कचरे में मिलाने पर नए प्रावधानों के तहत जुर्माने का प्रावधान है। प्रबंधन नियम-2026 के तहत मेडिकल वेस्ट प्रबंधन शुल्क 2,700 रुपए प्रति टन बताया गया है।

पोर्टल पर करें आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आबकारी आयुक्त मप्र ग्वालियर के निर्देशानुसार जिले में प्रवर्तन कार्य हेतु 2 वाहन किराये पर लगाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला आबकारी कार्यालय में प्रवर्तन कार्य हेतु 2 वाहन किराये पर लगाये जाने हेतु ऑनलाईन एमपी टेण्डर पोर्टल के द्वारा आवेदन स्वीकार किये जाऐंगे।

ई-टेण्डर ऑन लाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 30 जुलाई दोपहर 2 बजे तक तथा ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समय 30 जुलाई को निर्धारित की गई है।

ग्राम पंचायत सचिव ने सुनीं समस्याएं

नवभारत न्यूज, मोहगनढ़। जनपद जतारा की ग्राम पंचायत दरगाय खुर्द में आयोजित मंगलबार की जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेयजल, सड़क, समग्र पोर्टल में नाम जोड़ने , खाद्यान्न एवं संबल,स्वच्छता, आवास, पेंशन संबंधी समस्याएं प्रमुख रहीं।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि संतोष केवट एवं ग्राम पंचयात सचिव शेख सगीर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जिन समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर संभव था, उन का तत्काल निराकरण किया जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागों को भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई।

सरपंच प्रतिनिधि संतोष केवट ने कहा कि पंचायत का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है ।

शासकीय मूल्य पर मत्स्य बीज

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मत्स्यपालन के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला मेघा गुप्ता द्वार जानकारी दी गई है कि जिले के मत्स्यपालन से संबंधित सभी मछुआ सहकारी समितियां,मछुआ,व्यक्तिगत के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है। तालाबों में संचयन हेतु मत्स्यबीज प्राप्त करने के लिये कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला से संपर्क करें।

सरपंच ने छात्र-छात्राओं को वितरित की शैक्षणिक सामग्री

नवभारत न्यूज, जतारा। जतारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत वैरवार के उत्सव भवन में मंगलवार को कक्षा 1 से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 350 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पेन, कॉपी एवं केला वितरित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत वैरवार के सरपंच सुरेंद्र सिंह दांगी ने सभी विद्यार्थियों को अपने हाथों से सामग्री वितरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। कार्यक्रम में जतारा न्यायालय के एडीजे एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, डॉ. घोष, हल्का पटवारी महीपाल सिंह पायक, पंचायत सचिव, रोजगार सचिव सहित ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी पढ़ाई में सहयोग करना था। पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के भविष्य के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

लापरवाह सचिव को जारी किया नोटिस

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भेला के सचिव कृष्ण यादव को कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जारी नोटिस के अनुसार, 24 जुलाई को जनपद पंचायत टीकमगढ़ में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि ग्राम पंचायत भेला में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबंधित 21 लंबित प्रकरणों के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान नहीं किया गया। साथ ही, संबंधित हितग्राहियों के नाम स्वीकृति सूची होने के बावजूद हितलाभ उपलब्ध नहीं कराए जाने से जिले की छवि प्रभावित हुई है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि उक्त कृत्य पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निर्धारित आचरण नियमों का उल्लंघन है। इस संबंध में सचिव को सात दिवस के भीतर अपना स्पष्ट एवं संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रवेश की प्रकिया शुरू

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।

संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

21 लंबित प्रकरणों का मांगा जबाव

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जनपद पंचायत टीकमगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भेला के ग्राम रोजगार सहायक जितेन्द्र लोधी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जारी नोटिस के अनुसार, 24 जुलाई को जनपद पंचायत टीकमगढ़ में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक के दौरान यह पाया गया कि ग्राम पंचायत भेला में योजना से संबंधित 21 लंबित प्रकरणों के हितग्राहियों को हितलाभ उपलब्ध नहीं कराया गया। समीक्षा के दौरान ग्राम रोजगार सहायक द्वारा हितग्राही श्रीमती गीता लोधी के संबंध में यह जानकारी दी गई कि वे गांव से पलायन कर गई हैं। किंतु स्थल निरीक्षण में यह तथ्य असत्य पाया गया। जांच में संबंधित हितग्राही के ग्राम अटेरिया निवासी होने एवं ग्राम पंचायत में ही निवासरत होने की पुष्टि हुई।

उपयंत्री रहते नदारत

पलेरा। मध्य प्रदेश सरकार भले ही शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने और जनता की सहूलियत के लिए कड़े नियम बना रही हो, लेकिन टीकमगढ़ जिले की जनपद पंचायत पलेरा में जिम्मेदार ही इन नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। पलेरा जनपद में पदस्थ उपयंत्रियों सब-इंजीनियर को सरकार की नीतियां और नियम रास नहीं आ रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यालय से नदारद रहते हैं उपयंत्री मध्य प्रदेश शासन का स्पष्ट निर्देश है कि सभी शासकीय कर्मचारी और अधिकारी अपने आवंटित कार्यक्षेत्र या कार्यालय मुख्यालय पर ही निवास करेंगे, ताकि स्थानीय जनता को अपने काम के लिए भटकना न पड़े।

वैज्ञानिकों ने किया क्षेत्र का भ्रमण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम ने जतारा विकासखंड के ग्राम डोर एवं कुर्राई का भ्रमण कर किसानों को खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन एवं कीट-रोग नियंत्रण संबंधी समसामयिक तकनीकी सलाह दी। भ्रमण के दौरान वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. यूएस धाकड़ एवं डॉ. एसके जाटव ने कृषक बरेलाल घोष, कल्याण सिंह घोष, पुष्पेन्द्र घोष, जीतेन्द्र घोष सहित अन्य किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने सोयाबीन एवं मूंगफली की फ सलों में खरपतवार नियंत्रण के लिए अनुशंसित शाकनाशियों का उपयोग करने तथा खरीफफसलों में 25 से 30 दिन की अवस्था पर निंदाई-गुड़ाई करने की सलाह दी। मूंगफली की फ सल में फू ल आने से पूर्व मिट्टी चढ़ाने की भी सलाह दी गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्षा के बाद धूप एवं पुन: बादल रहने की स्थिति में सफेद मक्खी का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे सोयाबीन, मूंग, उड़द, तिल एवं सब्जी फ सलों में विषाणु जनित पीला मोजेक रोग फैल सकता है। किसानों को मौसम साफ होने पर अनुशंसित कीटनाशकों का छिड़काव करने की बात कहीं।

अघोषित बिजली कटौती पर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले की बड़गांव तहसील अंतर्गत ककरवाहा में अघोषित बिजली कटौती से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार रात पावर हाउस का घेराव कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की।

ग्रामीण सत्येंद्र सिंह लोधी ने बताया कि क्षेत्र में हर एक-दो घंटे में बिजली बंद हो रही है। अघोषित कटौती से घरेलू कामकाज, खेती-किसानी, बच्चों की पढ़ाई और स्थानीय व्यापारियों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने ओआईसी जितेंद्र जाटव को फोन कर अपनी समस्याएं बताईं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ओआईसी जितेंद्र जाटव ने बताया कि ओवरलोडिंग के कारण तकनीकी समस्या आ रही है और ऊपर से ही सप्लाई बंद हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ककरवाहा पावर हाउस से स्थानीय स्तर पर कोई कटौती नहीं की जा रही है।

जैविक उपयों की जानकारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र, के वैज्ञानिक दल ने जिले के विभिन्न गांवों में खरीफफसलों का निरीक्षण कर किसानों को रोग एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक एवं जैविक उपायों की जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बीएस किरार, डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आइडी सिंह एवं जयपाल छिगारहा ने बुंदेलखंड सामाजिक सेवा संस्थान के स्थानीय ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों को फसलों के संबंध में जानकारी दी।

घटना | खरगापुर के पलेरा मार्ग पर दिया वारदात को अंजाम

लूट की घटना से लोगों में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज, खरगापुर। जिले के खरगापुर नगर में दिनदहाड़े हुई लूट की सनसनीखेज वारदात ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामप्यारी लोधी, पति प्यारे लाल लोधी के पलेरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास बने मकान में अज्ञात बदमाश घुस आए।

बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कट्टा और छुरे की नोक पर महिला को धमकाया तथा उसके कानों से सोने के आभूषण लूटकर मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से नगरवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल है।घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने में जुट गई। कुछ ही देर बाद एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाहा भी घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों से घटना की जानकारी लेकर जांच की प्रगति का जायजा लिया। पुलिस टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हाल जाना तथा पुलिस अधिकारियों से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि लगभग 9 दिन पहले नौरपारा गांव में करीब 20 लाख रुपये की चोरी की बड़ी घटना सामने आई थी। उसके बाद अब खरगापुर नगर में दिनदहाड़े हुई इस लूट की वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जल्द खुलासा करने का पुलिस ने किया दावा

लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से नगर के लोगों में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD KHARGAPUR DIST TIKAMGARH (M.P.)

//Notice Inviting e-Tenders//

NIT No. 1370 Dated: 27-07-2026

Online lumpsum bids for the following works under "sbm(u)-2.0" (estimated on uadd issr (w.e.f-02.08.2021) are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling eligibility criteria.

Tender ID	Name of the work	Probable amount of contract (Rs. in Lacs)	Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs)	Cost of Bid Document (In Rs)	Time of Completion including rainy season
2026_UAD_524644_1	Interception & Diversion of Nallahs with STP works Project of Khargapur town under SBM 2.0	571.99	285995.00	20000.00	12 months

1. Interested Bidder can view the NIT on website www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in.
2. The Bid Document can be purchased only Online from 10.30 Hrs of 28-07-2026 to 27.30 Hrs. of 31-08-2026
3. Amendment to NIT, if any would be published on website only, and not in Newspaper.
4. GST shall be payable extra as per Govt. rules.

Chief Municipal Officer
Nagar Parishad Khargapur
Dist. Tikamgarh (M.P.)